# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 19.01.2026 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन दावोस वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में व्यवसायियों को निवेश के लिए करेंगे आमंत्रित, चैंबर अध्यक्ष ने कहा–राज्य के विकास को मिलेगी नई गति।**

2. **कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा – विकसित भारत जी राम जी अधिनियम पूरे देश में एक साथ होगा लागू, सभी ग्राम पंचायतें होंगी शामिल।**

3. **राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृत्ति और आकांक्षा कोचिंग प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी, जैक की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं विद्यार्थी।**

4. **चतरा जिले में अफीम की खेती के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी, डेढ़ महीने में चार सौ चौवालीस एकड़ भूमि पर पोस्ते की अवैध खेती को किया गया नश्ट।**

5. **गोड्डा की दिव्या कुमारी आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आज से शुरू हो रही अंडर–14 राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में झारखंड का कर रही हैं प्रतिनिधित्व।**

********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखण्ड का प्रतिनिधिमंडल दावोस वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की वार्षिक बैठक के दौरान वैश्विक उद्योग जगत के प्रमुखों से आज मुलाकात कर राज्य में निवेश के लिए आमंत्रण देगा। मुख्यमंत्री टाटा स्टील, हिताची, श्नाइडर इलेक्ट्रिक, इंफोसिस सहित कई वैश्विक कंपनियों और संस्थानों के प्रमुखों से सतत उद्योग, हरित ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज और डिजिटल तकनीक में निवेश को लेकर चर्चा करेंगे। झारखण्ड "प्रकृति के साथ संतुलन में विकास" के दृष्टिकोण के साथ खुद को जिम्मेदार, स्थिर और भविष्य के लिए तैयार राज्य के रूप में वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेगा। कल झारखण्ड पवेलियन का उद्घाटन होगा, जहां राज्य की निवेश संभावनाओं, नीतिगत सुधारों और दीर्घकालिक विकास योजना को प्रदर्शित किया जाएगा।

********************

फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा और महासचिव रोहित अग्रवाल भी आज दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में शामिल हो रहे हैं। चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में शामिल होना गौरव की बात है। यह सहभागिता झारखंड के समग्र विकास को नई गति देगी। चैंबर महासचिव रोहित अग्रवाल ने कहा कि यह पहल राज्य को अंतरराष्ट्रीय निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य के रूप में स्थापित करेगी।

********************

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम पूरे देश में एक साथ लागू किया जाएगा और कोई भी ग्राम पंचायत इससे बाहर नहीं रहेगी।

**साउंड बाइट– शिवराज सिंह ऑन जी रामजी– 29 सेकेंड**

********************

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए आज नामांकन भरे जाएंगे। पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी और सांसद **के. लक्ष्मण** द्वारा जारी चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, नामांकन दोपहर के समय दाखिल किए जा सकते हैं। हमारे संवाददता ने बताया है कि पूरी चुनाव प्रक्रिया नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में होगी। एक रिपोर्ट–

********************

झारखंड अधिविद्य परिषद– जैक ने राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृत्ति और आकांक्षा कोचिंग प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। आकांक्षा कोचिंग प्रवेश परीक्षा के लिए अब विद्यार्थी 30 जनवरी तक और राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृति परीक्षा के लिए दो फरवरी तक आवेदन जमा कर सकते हैं। सभी आवेदन जैक की वेबसाइट पर ऑनलाइन माध्यम से जमा होंगे। आकांक्षा प्रवेश परीक्षा में वही परीक्षार्थी शामिल हो सकते हैं जो इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा लिखने वाले हैं। बता दें की आकांक्षा कोचिंग का संचालन राज्य सरकार करती है, जिसमें विद्यार्थियों को मेडिकल, इंजीनियरिंग और क्लैट की निःशुल्क तैयारी कराई जाती है।

********************

चतरा जिले में अफीम की खेती के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है। पुलिस और वन विभाग की ओर से चलाए जा रहे इस अभियान में पिछले डेढ़ माह के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अब तक चार सौ चौवालीस एकड़ भूमि पर अवैध पोस्ते की खेती को नष्ट किया गया है। जिले के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि एक दिन में कुंदा थाना क्षेत्र में 13 एकड़ भूमि क्षेत्र में अवैध पोस्ते की खेती को नष्ट किया गया है।

********************

केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ आज नई दिल्ली में आयोजित एनसीसी के गणतंत्र दिवस शिविर में शामिल हुए। श्रीसेठ ने इस दौरान एनसीसी कैडेट्स में जोश भरते हुए देश सेवा के लिए प्रेरित किया।

********************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल के रानीगंज और झारखंड के धनबाद की अवैध खदानों से चोरी के कोयले की जीटी रोड के जरिए गिरिडीह, हजारीबाग होते हुए बिहार और उत्तर प्रदेश तक तस्करी की जा रही है। उन्होंने कहा कि फर्जी चालान और डिस्को पेपर के सहारे प्रतिदिन हजारों टन अवैध कोयले की ढुलाई से राज्य को हर महीने अरबों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है और इस तस्करी में गिरोहों को संरक्षण मिल रहा है। श्री मरांडी ने झारखंड पुलिस से पूरे मामले का संज्ञान लेकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कार्रवाई नहीं होने पर केंद्रीय जांच एजेंसियों तक मामला पहुंचाने की चेतावनी दी है।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रीय आपदा मोचन बल–**एनडीआरएफ** के स्थापना दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि देश उन पुरुषों और महिलाओं के प्रति गहरी सराहना व्यक्त करता है जिनकी व्यावसायिकता और दृढ़ संकल्प संकट के क्षणों में अचूक रहते हैं।

********************

राजधानी रांची में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख बत्तीस हजार चार सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख बानवे हजार रूपये प्रति किलो है।

********************

साहिबगंज महाविद्यालय में विद्यार्थियों ने सोहराय पर्व धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोरियो के पूर्व विधायक ताला मरांडी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने सोहराय पर्व के महत्व की जानकारी दी।

********************

रामगढ़ थाना क्षेत्र के एक अपार्टमेंट के बंद फ्लैट का दरवाजा तोड़कर अपराधियों ने चालीस हजार नगद और लाखों रुपये के जेवरात की चोरी कर ली। पीड़ित फ्लैट मालिक पंजाब नेशनल बैंक में शाखा प्रबंधक हैं।

********************

आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में अंडर–14 राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता आज से शुरू हो रही है। इसमें गोड्डा की दिव्या कुमारी झारखंड का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। यह प्रतियोगिता 23 जनवरी तक चलेगी।

**********समाप्त**************